Headline: NSE launches new educational initiatives to deepen financial markets	
Source: Dainik Bhaskar	**Date:** 15 October 2015

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने फाइनेंशियल मार्केट्स के लिए शुरू की नई शैक्षिक पहल

नई दिल्ली | भारत के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज एनएसई ने मध्य भारत के लिए नए शिक्षण कार्यक्रम की घोषणा की है। मध्य भारत में फाइनेंशियल मार्केट प्रशिक्षण, जागरूकता और शिक्षण को बढ़ाने के अपने उद्देश्य की सफलता हेतु एनएसई द्वारा आईपीएस एकेडमी के साथ मिलकर इस लक्ष्य की प्राप्ति का संकल्प लिया गया है। इस उद्देश्य के लिए हाल ही में दोनों संस्थान द्वारा एक एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए गए हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एण्ड रिसर्च के डायरेक्टर डॉ. विवेक कुशवाह ने बताया कि आईपीएस द्वारा स्थानीय एनएसई सदस्यों जो इस प्रोग्राम की प्रेक्टिक ट्रेनिंग के पार्टनर भी हैं के साथ टाई-अप किया गया है।